# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us: www.prsu.ac.in

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक 1870 / परीक्षा / 2024

रायपुर, दिनांक 31 / 5 / 2024

## // अधिसूचना //

विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश परीक्षा का आयोजन कुल 06 पालियों में किया जाना है।

ऑनलाइन परीक्षा का समय–सारणी निम्नानुसार होगा –

| दिनांक एवं दिन | समय | विषय |
|---|---|---|
| 19.06.2024 बुधवार | **प्रथम पाली** 01.00 बजे से 02.00 बजे तक | 1. M.Sc. – Chemistry<br>2. M.Sc. – Environmental Science<br>3. M.Sc. – Biotechnology |
| | **द्वितीय पाली** 03.30 बजे से 4.30 बजे तक | 1. M.Sc.– Microbiology<br>2. M.Sc.– Mathematics<br>3. M.Tech. Opto.<br>4. M.Sc. – Biochemistry<br>5. M.Sc. – Geology<br>6. M.Sc. – Statistics<br>7. M.Sc. – BioScience<br>8. M.Sc. – Forensic Science<br>9. M.Sc. Renewable Energy Technology (RET) |
| 20.06.2024 गुरूवार | **प्रथम पाली** 01.00 बजे से 02.00 बजे तक | 1. M.Sc.– Physics & Electronics<br>2. M.Sc.– Anthropology<br>3. B.Voc (RETM)<br>4. M.P.Ed. |
| | **द्वितीय पाली** 03.30 बजे से 4.30 बजे तक | 1. B.A.LL.B.<br>2. B.Lib<br>3. M.Lib<br>4. M.Com |
| 21.06.2024 शुक्रवार | **प्रथम पाली** 01.00 बजे से 02.00 बजे तक | 1. M.A. – Chhattishgarhi<br>2. M.A. – Applied Philosophy & Yoga<br>3. M.A./M.Sc. – Geography<br>4. M.A. – Ancient Indian History, Cultural & Achaeology<br>5. M.A. – History<br>6. M.A. – Economics<br>7. M.A. – Lingustics<br>8. M.A. – Psychology<br>9. M.A. – Rural Development<br>10. M.A. – Sociology<br>11. M.A. – Master of Social Work<br>12. M.A. – Hindi<br>13. M.A. – Sindhi<br>14. M.A. in Hotal Management<br>15. M.Ed. |
| | **द्वितीय पाली** 03.30 बजे से 4.30 बजे तक | 1. B.P.Ed.<br>2. M.Sc. – Information Technology/ Computer Science<br>3. M.A. English |

Con...02

नोट– **पूर्व सत्र 2023–24 की भांति इस सत्र 2024–25 में प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन पद्धति (परीक्षा केन्द्रों में छात्रों द्वारा मोबाईल फोन के माध्यम से) आयोजित की जावेगी।**

टीपः–

1. डॉ. के.के.घोष, संचालक, मूलविज्ञान केंद्र **ऑनलाइन** प्रवेश परीक्षा के मुख्य प्रभारी होंगे एवं मूलविज्ञान केंद्र के सभी सहायक प्राध्यापक उक्त **ऑनलाइन** प्रवेश परीक्षा के संचालन हेतु डॉ. के.के.घोष, के सहायक होंगे। वीक्षकों की ड्यूटी तथा सभी प्रकार के प्रबंधन कार्य सौंपने का अधिकार प्रो.के.के.घोष को होगा।
2. जिन पालियों में जिस विषय/पाठ्यक्रम की परीक्षा होगी उसके विभागाध्यक्ष, **ऑनलाइन** परीक्षा के लिए प्रभारी केंद्राध्यक्ष होंगे। सभी अध्ययनशालाओं एवं मूलविज्ञान केंद्र के संचालक के अतिरिक्त अन्य सभी प्राध्यापकों/सह–प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों की भी ड्यूटी होगी। यदि सीधे ड्यूटी नही लगी हो तो भी उनकी उपस्थिति अनिवार्य है।
3. दिनांक 18/06/2024 दिन–मंगलवार को प्रातः 12.00 बजे जैविकी अध्ययनशाला में स्थित डॉ.जे.सी.बोस सभागृह में बिफ्रिंग होगी जिसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। परीक्षा–दिवसों में सुबह 10.30 बजे तक सभी संबंधितों की ड्यूटी पर उपस्थिति अनिवार्य है।
4. प्रत्येक प्रभारी केंद्राध्यक्ष अपने विभाग के सभी शिक्षकों के साथ परीक्षार्थियों की सीटिंग व्यवस्था तथा फाइलों की तैयारी पूर्ण कराएँगे। सभी प्रभारी केंद्राध्यक्ष, प्रो.के.के. घोष से संपर्क करेंगे।
5. सभी विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष अपने विभाग के शोधार्थियों का भी सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

आदेशानुसार

31.05.24

उप कुलसचिव (परीक्षा)

पृ. क्र. 9871 /परीक्षा/2024 रायपुर, दिनांक 31/5/2024

**प्रतिलिपि :–**

1. डॉ.के.के.घोष,संचालक,मूलविज्ञान केंद्र, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. समस्त अध्यक्ष अध्ययनशालाएँ एवं संबंधित विभाग के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
3. सहायक कुलसचिव, गोपनीय विभाग, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को सूचनार्थ।
4. प्रभारी,जनसंपर्क अधिकारी, ग्रंथालय, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को सूचनार्थ।
5. प्रभारी,कम्प्यूटर अध्ययनशाला, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को विश्वविद्यालय वेबसाइट में उक्त अधिसूचना को अपलोड किए जाने हेतु।
6. संचालक, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित, 320AD इंदिरा नगर,स्पीकर हाउस के सामने,कांके रोड,रांची–झारखंड,पिन नं.834008 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
7. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को सूचनार्थ।
8. विश्वविद्यालय यांत्रिकी विभाग, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को अपने समस्त कर्मचारियों को परीक्षा दिवस को समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने हेतु।

31.05.24

अनुभाग/कक्ष अधिकारी (परीक्षा)

# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us: www.prsu.ac.in
E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्र. 9872 / परीक्षा / प्रवेश / 2024 रायपुर, दिनांक 31 / 5 / 2024

## // अभ्यर्थियों के लिए निर्देश //

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं के संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु **दिनांक 19.06.2024, दिन– बुधवार** से प्रारंभ होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

1. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।
2. अभ्यर्थियों को कम से कम 03 घंटे के बैटरी बैकअप और अच्छी इंटरनेट सुविधा के साथ अपना केवल एंड्रॉइड आधारित स्मार्टफोन या टैबलेट अथवा केवल विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम वाला लैपटॉप पूरी तरह चार्ज कर के लाना होगा। ऑनलाइन परीक्षा के लिए केवल अपडेटेड गूगल क्रोम ब्राउजर का ही प्रयोग करें। कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स परीक्षा हॉल के अंदर लाने की अनुमति नहीं होगी । (दिए गए तकनीकी विशिष्टताओं के अभाव में, परीक्षा संबंधी कठिनाईयों के लिए उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होंगे।)
3. विश्वविद्यालय परिसर में वाई– फाई सुविधा उपलब्ध है, अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।
4. अभ्यर्थियों को परीक्षा आरंभ होने के आधा घंटा समय के बाद परीक्षा कक्ष / हॉल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. किसी भी अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा कक्ष / हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. परीक्षा पूरी होने पर कृपया निरीक्षक के निर्देशों की प्रतीक्षा करें और जब तक निर्देश न दी जाए तब तक अपनी सींट से न उठें।
7. प्रवेश पत्र अनंतिम है, सूचना बुलेटिन में दी गई पात्रता शर्तो को पूरा करने के अधीन है।
8. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे एक दिन पहले परीक्षा स्थल के स्थान को सत्यापित कर लें, ताकि परीक्षा के दिन उन्हें किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।
9. अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति होगी।
10. अंक निर्धारणः– प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है, अतः प्रत्येक सही उत्तर हेतु एक अंक आबंटित किया जाएगा, इस प्रकार प्रश्न–पत्र में 50 अंक निर्धारित है। किसी प्रश्न में उत्तर का चयन न करने पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा और गलत विकल्प का चयन करने पर कोई अंक नहीं काटे जाएंगे।
11. प्रश्न पत्र की भाषाः– परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र दो भाषाओं अंग्रेजी और हिन्दी में उपलब्ध होगा। प्रश्नों के अंग्रेजी और हिन्दी संस्करणों में किसी भी विसंगति के मामले में अंग्रेजी संस्करण को प्रमाणिक माना जाएगा।
12. अभ्यर्थियों को परीक्षा में अनुचित साधन का उपयोग करना वर्जित है। किसी भी अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधन अपनाये जाने पर विश्वविद्यालय को अनुशासनात्मक कार्यवाही / परीक्षा से वंचित किए जाने का अधिकार होगा।
13. अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित 01 घंटे की अवधि में 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों को पूरा करना होगा।

31.05.24

उप कुलसचिव (परीक्षा)

Con.02